# शौर्य और धर्म रक्षा का प्रतीक भगवान परशुराम का जीवन : सीएम

- भगवान परशुराम के आदर्श समाज को देते हैं नई दिशा
- मुख्यमंत्री ने परशुराम जयंती की शोभायात्रा का किया शुभारंभ

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बड़ा गणपति चौराहा में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया.**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया. उनका जीवन साहस, शौर्य, निडरता और धर्म रक्षा की प्रेरणा देता है. उन्होंने कहा कि समाज को भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाते हुए एकता, समरसता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. डॉ. यादव ने कहा कि माँ अहिल्या की नगरी इंदौर अपनी सांस्कृतिक गरिमा और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है. परशुराम जयंती पर इस प्रकार की भव्य शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत सराहनीय है, जो समाज में जागरूकता और एकजुटता का संदेश देता है. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मनोज पटेल, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पं. सत्यनारायण सत्तन, गोपीकृष्ण नीमा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.




### श्रीराम और श्रीकृष्ण का मप्र से संबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं सुदर्शन चक्र के बिना अधूरी हैं और यह सुदर्शन चक्र भगवान परशुराम द्वारा ही प्रदान किया गया था. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश की पावन धरती से गहरा संबंध रहा है. उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने उज्जैन में महर्षि सांदीपनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की, वहीं भगवान श्रीराम ने चित्रकूट सहित प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर समय व्यतीत किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जिन-जिन स्थानों पर भगवान राम और श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन्हें विकसित कर प्रमुख तीर्थ स्थलों के रूप में स्थापित किया जाएगा।

### सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म का पुनर्जीवन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. इसी क्रम में उज्जैन में वैदिक घड़ी का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से भारतीय कालगणना और तिथियों का निर्धारण किया जाता है. उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का संदेश धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो आज भी प्रासंगिक है और समाज को धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. मध्यप्रदेश सरकार भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात कर सभी वर्गों के कल्याण एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रही है.

# शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए कई संस्थान और संगठन

- संस्थाओं द्वारा उद्यान और सड़क डिवाइडर गोद लेने के आवेदन दिए
- शहर में स्वच्छता के साथ जन भागीदारी भी है जरूरी : आयुक्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नगर निगम द्वारा डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहों तथा अविकसित उद्यानों के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए जनभागीदारी से कार्यों किए जा रहे हैं. हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए निगम को कई आवेदन मिले हैं. निगम ने शहर के अलग अलग हिस्सों में उपरोक्त काम को अनुमति दे दी है. साथ ही कुछ संस्थाओं के आवेदन पर विचार किया जा रहा है.**

ध्यान रहे कि नगर निगम एमआईसी ने शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहों के बगीचों का सौंदर्यीकरण एवं विकास करने हेतु सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को गोद देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. नगर निगम को शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहों के सौंदर्यीकरण व विकास के विभिन्न संस्थाओं से प्रस्ताव मिले हैं. उक्त मामले को लेकर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के विकास कार्यों में नागरिकों की भागीदारी भी एक विशेष पहचान है. शहर के जागरूक संगठन और नागरिक आगे आकर उद्यानों, चौराहों और डिवाइडरों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे, तो अन्य लोग भी प्रेरित होकर आगे आएंगे.

**निगम को निम्न स्थानों के नए आवेदन मिले** -वार्ड क्रं. 72 नेमी नगर उद्यान, योजना क्र. 78, विजय नगर, इन्दौर में अर्बन फॉरेस्ट सह ओपन लानिंग सेंटर, हाईकोर्ट से मालवा मिल तक, लैन्टर्न चौराहा, मंगल नगर सतकार गर्ल्स होस्टल के सामने, महाराजा रणजीतसिंह प्रतिमा चौराहे से राजीव गांधी चौराहे तक, आई.टी पार्क चौराहे से महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज तक, प्रतिक्षा ग्रीन नर्सरी के पास स्टील ग्रीन बेल्ट उद्यान डिवाइडर रोटी पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु नवीन आवेदन मिले हैं.

**निगम की अपील**-नगर निगम शहर की संस्थाओं, सामाजिक संगठनों से अपील करता है कि शहर में रोटरी, चौराहे, डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट को जनभागीदारी के तहत 5-5 साल के लिए गोद लेकर विकास में सहयोग करे.

### निगम को कई संस्थाओं द्वारा सहमति

शहर में जनभागीदारी से हरियाली विकसित करने के लिए क्वींस कॉलेज के सामने सांई बाबा कॉलोनी से खंडवा नाके के डिवाइडर, ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर द्वारा बापट चौराहा से बीसीसी तक तथा बीसीसी से एबी रोड तक डिवाइडर का विकास, चमेली विला कॉलोनी के सामने ग्रीन बेल्ट क्षेत्र का, श्रीधी ग्लोबल कंज्यूमर द्वारा लेन्टर्न चौराहा से मालवा मिल चौराहा तक डिवाइडर, श्री दक्षिण कालीपीठ जन कल्याण संस्थान द्वारा सुविधि नगर मेन रोड स्थित छोटे बगीचे तथा केन्द्रीय सेन समिति कैटेलाइजर गीताभवन द्वारा ढक्कनवाला कुआं से गीताभवन चौराहा तक डिवाइडर के विकास करने के आवेदन पर सहमति दी गई है.

# एबी रोड से हटाया बीआरटीएस, आयुक्त ने किया निरीक्षण

- सभी 17 बस स्टॉप व दोनों ओर की रेलिंग हटाई
- स्टॉर्म वाटर लाइन और चेंबर पूर्णत: साफ करने के निर्देश

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने एबी रोड से हटाए गए बीआरटीएस बस स्टॉप एवं रेलिंग कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगवंकर, सहायक यंत्री शैलेंद्र मिश्रा ओर अन्य अधिकारी उपस्थित थे.**

उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा संपूर्ण बीआरटीएस 11.5किमी में स्थित सभी 17 बस स्टॉप व दोनों ओर की रेलिंग को हटाने का कार्य पूर्ण कर दिया है.



लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से चिड़ियाघर स्थित 50 मीटर की रेलिंग अभी नहीं हटाई है. दो बस स्टॉप का मलबा एलिवेट कॉरिडोर की बैरीकेडिंग के अंदर होने से हटाना बाकी है. हालांकि ये ट्रैफिक मूवमेंट एरिया में नहीं है. हटाए गए सभी बस स्टॉप व रेलिंग के स्थान पर समानांतर रूप से डामर पेचवर्क का कार्य किया गया है. आयुक्त श्री सिंघल द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर उचित सुरक्षा की दृष्टि से उचित बैरिकेटिंग करने व डीप साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए.



### स्टॉर्म वाटर लाइन का निरीक्षण

इसके साथ आयुक्त ने बीआरटीएस पर विजय नगर से एलआईजी तक स्टॉर्म वाटर लाइन का निरीक्षण किया. निरीक्षण में आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक चैम्बर पर इनलेट चैम्बर बनाए जाए. सभी चैम्बर की डीप सफाई की जाए, कुछ स्थानों पर स्टॉर्म वाटर लाइन में क्रॉस कनेक्शन नहीं होने से अवरोध पाया गया जिस पर निर्देश दिए गए कि तत्काल सफाई कर अवरोध दूर करने हेतु तत्काल क्रॉस कनेक्शन किए जाएं. वर्षा काल पूर्व स्टॉर्म वाटर लाइन के चेंबर एवं पाइपलाइन को पूर्णत साफ़ करने के निर्देश दिए गए ताकि वर्षा काल में जल जमाव की स्थिति निर्मित नहीं हो.

## इंदौर से चर्लपल्ली तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू

इंदौर. यात्रियों के लिए काफी राहत भरी खबर है. अब पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए इंदौर से चलने वाली इंदौर-लिंगमपल्ली एक्सप्रेस का विस्तार चर्लपल्ली तक कर दिया है. इससे अब इंदौर से चर्लपल्ली तक सीधी ट्रेन सुविधा मिल सकेगी. 25 अप्रैल 2026 से ट्रेन संख्या 20916 इंदौर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस इंदौर से सुबह 11.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 14.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी. वहीं 26 अप्रैल 2026 से ट्रेन संख्या 20915 चर्लपल्ली-इंदौर एक्सप्रेस चर्लपल्ली से रात 20.45 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 00.15 बजे इंदौर पहुंचेगी. इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा और बाकी सभी व्यवस्थाएं पहले की तरह ही रहेंगी.

## एक नजर में

### विश्व शांति के लिए अखंड भक्तामर पाठ



इंदौर. दिगम्बर जैन नरसिंगपुरा पंचायत ट्रस्ट लाल मंदिर राजबाडा में 24 घंटे का अखंड भक्तामर पाठ विश्व शांति के लिए किया गया. सुबह 6.30 देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई. यहां पर प्राचीन प्रतिमा 528 साल पुरानी मुलनायक भगवान आदिनाथ के चरणों का प्रक्षालन भी किया गया. प्रवीण जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान का स्त्रोत जिसके रचियता मानतंग आचार्य भक्तामर जी का पाठ चोबीस घंटे का अखंड संगीतमय किया गया. पाठ के बाद दूसरे दिन भक्तामर विधान किया जिसमें सभी समाज जनों ने मीलकर संगीत की धुन न्रत्य करते हुए अर्घ्य चढ़ाये. इस अवसर पर मुख्य रुप से मुकेश-कल्पना जैन, हर्ष-तृप्ति जैन, शैलेश शाह, सनत जैन, विदर्भ जैन, आशीष जैन, सुरेश जैन, सज्जन लाल जैन, मनीष जैन, पवन जैन, विजय ओरा के साथ सभी समाजजन शामिल हुए.

### मंदिर के शिखर पर नवीन ध्वजा चढ़ाई

इंदौर. 1008 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर उदय नगर के पंचकल्याण के 10 वर्ष पूर्ण होने पर अक्षय तृतीया के दिन मुनि विशोध सागर महाराज के सानिध्य में श्री जी के अभिषेक के पश्चात संदीप पीसी जैन एवं प्रकाश कासलीवाल द्वारा शांति धारा करने का पुण्य अर्जन किया गया. तत्पश्चात 105 आर्यिका विज्ञान मति माताजी द्वारा रचित चंद्र प्रभु विधान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रावक श्राविकाओ द्वारा पुण्य लाभ लिया गया, विधान के पश्चात मुनिश्री के अक्षय तृतीय तथा आहार दान के महत्व पर प्रवचन हुए. इस अवसर पर संदीप पीसी जैन परिवार के द्वारा मंदिर के शिखर पर नवीन ध्वजा चढ़ाई गई. ब्रह्मचारी सुनील भैया के सानिध्य में सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई.



### मीट क्यूट में सजा पुराने दौर के रोमांस का खास जश्न

इंदौर. स्टार प्लस ने शनिवार को मुंबई में अपने बहुप्रतीक्षित शो 'तुम देना साथ मेरा' के प्रीमियर से पहले एक खास कम्युनिटी इवेंट 'मीट क्यूट' का आयोजन किया. वास्तविक जुड़ाव और कहानी कहने की कला का संगम बने इस इवेंट में सिंगल मिलेनियल्स और मीडिया कपल्स का एक चुनिंदा समूह शामिल हुआ, जहाँ एक अर्थपूर्ण और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाया गया. इस इवेंट में चार चाँद लगाने के लिए लीड कलाकार सृति झा और शबीर अहलूवालिया भी शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित मेहमानों और मीडिया से बातचीत की. दोनों ने अपने किरदारों और शो की भावनात्मक गहराई के बारे में जानकारी साझा की, जिससे 'तुम देना साथ मेरा' की दुनिया की एक झलक मिली. 'तुम देना साथ मेरा' एक हिंदी रोमांटिक ड्रामा है, जो सृति झा और शबीर अहलूवालिया की बहुप्रतीक्षित ऑन-स्क्रीन जोड़ी को प्रस्तुत करता है. यह कहानी अपराजिता, एक कलाकार जिसके अतीत में कई परतें हैं, और रक्षित, एक संकोची व्यवसायी, के इर्द-गिर्द घूमती है, जो प्यार, किस्मत और भावनात्मक जटिलताओं के बीच अपने रिश्ते को तलाशते हैं. यह शो आज से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा.

### नवनीत ने पेश की नई नारुटो कलेक्शन

इंदौर. नवनीत के स्टेशनरी ब्रँड यूवा ने नारुटो थीम पर आधारित अपनी नई कलेक्शन पेश की है. यह एक विशेष प्रीमियम श्रेणी है, जिसमें लॉन्ग बुक्स, नोटबुक्स, स्पाइरल लॉन्ग बुक्स और ड्रॉइंग बुक्स शामिल हैं. यह श्रृंखला 'विल ऑफ फायर' की भावना को कक्षा तक लेकर आती है और यूवा के उच्च गुणवत्ता वाले पेपर उत्पादों को नारुटो की लोकप्रिय दुनिया के साथ जोड़ती है. यह कलेक्शन हर छात्र और उपयोगकर्ता को शिनोबी जैसी दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है. चाहे आप अपने विचारों को स्केच कर रहे हों या विस्तार से नोट्स बना रहे हों, यह सीरीज़ आपको अपने 'निंजा वे' को अपनाने के लिए उपयुक्त साधन प्रदान करती है. यूवा के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा, हम अपनी नई यूवा कलेक्शन के माध्यम से नारुटो की ऊर्जा और उत्साह को लेकर आने के लिए बेहद उत्साहित हैं. यह सहयोग केवल स्टेशनरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे ब्रँड और एक ऐसी लोकप्रिय श्रृंखला के मेल को दर्शाता है, जो युवाओं की रचनात्मकता का उत्सव मनाती है और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करती है.

# प्रेस्टिज फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत आज से

- अनुपम खेर करेंगे शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. 20 अप्रैल की शाम, प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च के विशाल ग्राउंड में 9वां प्रेस्टिज इंदौर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2026 का आगाज़ होगा. रोशनी, संगीत और सिनेमा के उत्साह के बीच यह तीन दिवसीय महोत्सव शहर को फिल्मी रंग में रंग देगा.**

उद्घाटन समारोह में अभिनेता अनुपम खेर अपनी उपस्थिति से शाम को यादगार बनाएंगे. वे युवाओं से संवाद कर अपने संघर्ष, सफलता और फिल्मी सफर के अनुभव साझा करेंगे. दिन की शुरुआत राज हंस सिनेमा, मल्हार मेगा मॉल में उनकी चर्चित फिल्म 'तन्वी: द ग्रेट' के प्रदर्शन से होगी. इसके साथ ही परिसर में लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग और निर्देशक गजेंद्र अहिरे का विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजन को और समृद्ध बनाएगा. शाम को सूफी संगीत संध्या माहौल को सुरमयी कर देगी. 21 अप्रैल को महोत्सव में भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और सांसद रवि किशन आकर्षण का केंद्र रहेंगे. वे विद्यार्थियों और सिनेमा प्रेमियों से संवाद करेंगे. इस दिन 48 घंटे की फिल्म निर्माण प्रतियोगिता की फिल्मों का प्रदर्शन, अलका अमीन के साथ बातचीत और बरनाली रे शुक्ला की मास्टरक्लास भी होगी. शाम को भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.



# राजेंद्र नगर फ्लाई ओवर पर 15 मई के बाद शुरू होगा यातायात

- तीसरी भुजा का कंक्रीट का काम बाकी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के एबी रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज से 15 मई के बाद ही यातायात शुरू हो पाएगा. ब्रिज पर रेती मंडी की तरफ तीसरी भुजा को जोड़ने के लिए कंक्रीट का काम बाकी है. वहीं रेल विभाग द्वारा पटरी वाले हिस्से का काम अब शुरू किया जाएगा. साथ ही एबी रोड वाले हिस्से में भी पुल के नीचे बोगदो और सर्विस रोड का कार्य भी यातायात शुरू होने के बाद होगा.**

पीडब्ल्यूडी द्वारा राजेंद्र नगर फ्लाई ओवर ब्रिज पर से यातायात फरवरी तक शुरू होने का दावा किया गया था, लेकिन अब ब्रिज से यातायात मई के दूसरे पखवाड़े में शुरू होने के संभावना है. ब्रिज का एबी रोड वाले सीधे हिस्से का काम पूरा हो चुका है. मगर ब्रिज पर से राऊ और इंदौर आने जाने के लिए अभी एक महीने और इंतजार करना पड़ेगा. ब्रिज से यातायात शुरू होने के बाद पुल के नीचे बचे काम किए जाएंगे, जो अभी यातायात के लिए रोक रखे हैं. यह बात अलग है कि राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज की तीसरी भुजा अभी शुरू नहीं होगी, क्योंकि रेलवे इंजीनियरिंग विभाग द्वारा उक्त हिस्से का निर्माण किया जाता है. उक्त काम रेल विभाग द्वारा अब शुरू किया जाएगा. पीडब्ल्यूडी ने उक्त ब्रिज अप्रैल 2022 में काम शुरू किया था, जिसको तीन साल बीत चुके है. ब्रिज का काम 18 महीने में ही पूरा करने का समय तय था, लेकिन मौके पर नर्मदा, ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग का काम समय पर नहीं होने से ब्रिज निर्माण में देरी हो गई. बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी ने ठेकदार एजेंसी पर दबाव बनाकर निर्माण कार्य में गति बढ़ाने का दावा किया गया था, लेकिन ब्रिज का पूरा काम होने में छह माह का समय और लगने की संभावना है. तब तक उक्त फ्लाई ओवर निर्माण के कारण यातायात का ब्लैक स्पॉट बना रहेगा.






### 29 करोड़ है ब्रिज की लागत

फिलहाल पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे राजेंद्र नगर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण में करीब ढाई साल ज्यादा लग चुके है और छह महीने ओर लगने संभावना है. देखा जाए तो डेढ़ साल में बनने वाला ब्रिज 4.5 साल में पूरा हो जाए तो भी बड़ी बात होगी. उक्त ब्रिज का ठेका मेसर्स रामप्रकाश गुप्ता कंस्ट्रक्शन को दिया है. 920 मीटर लंबा और फोर लेन चौड़ा है. उक्त ब्रिज की निर्माण लागत 29 करोड़ रुपए है. उक्त की दो भुजा एबी रोड पर और एक भुजा राजेंद्र नगर पर उतरेगी.

**बेरिकेटिंग करके ब्रिज शुरू कर पाएंगे**-पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनोज जैन ने कहा कि अभी राजेंद्र नगर वाली भुजा का कंक्रीट बाकी है. उसके बाद बेरिकेटिंग करके ही ब्रिज शुरू कर पाएंगे. इसकी वजह यह है कि एक बार ब्रिज से यातायात शुरू कर दिया तो फिर ब्रिज से एबी रोड पर वाहनों को रोकना मुश्किल हो जाएगा.

# महिलाओं ने साड़ी पहनकर की रैम्प वाक

- इरा कायस्थ महिला ग्रुप की मासिक सभा संपन्न

**इंदौर. इरा कायस्थ महिला ग्रुप द्वारा अपने मासिक सभा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भारतीय परिधान साड़ी के महत्व को दर्शाते हुए एक फैशन शो का आयोजन किया गया. इसमें महिलाओं ने साड़ी के महत्व को बताया और फैशन शो आयोजित किया.**

ग्रुप की अध्यक्ष वीना सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजिका नमिता श्रीवास्तव, शोभना श्रीवास्तव, श्रद्धा शरण, और अनुपमा श्रीवास्तव थी. कार्यक्रम में देवास अलीराजपुर और धामनोद से महिलाओं ने भागीदारी निभाई. महिला प्रतिभागियों ने साड़ी को अनेक अंदाज में पहनकर रेड कार्पेट पर रेम्प वॉक की.




इरा क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इरा क्वीन रहीं, कामना श्रीवास्तव, फर्स्ट रनर अप रही, आरती सक्सैना, सेकंड रनर अप रही संगीता श्रीवास्तव . निर्णायक डॉ साधना सक्सेना थी. अन्य प्रतियोगिताओं की विजेता रही संध्या भटनागर, रागिनी चक्रधर, गीता श्रीवास्तव, रीना खरे संध्या श्रीवास्तव, संध्या सक्सेना और सुनीता सक्सेना. आभार नीलम श्रीवास्तव ने माना.



# 21 बुजुर्ग दंपतियों का अभिनंदन किया

इंदौर. श्री माहेश्वरी मेवाडा बड़ा चालीसा पंचायती थोक, इंदौर और महिला संगठन द्वारा आयोजित साधारण सभा और प्रीतिभोज का आयोजन किया गया जो कि मुकुट मांगलिक भवन, गुमाश्ता नगर पर आयोजित था. साथ ही हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान के अंतर्गत थोक के सत्तर साल या उससे अधिक उम्र के 21 दंपति एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया. सदस्यों ने अपने सम्मान के उत्तर में कहा कि यह थोक की श्रेष्ठ परंपरा है. यह हमेशा जारी रहना चाहिए. उपरोक्त जानकारी थोक संरक्षक बंसीलाल ईनानी, अध्यक्ष दिनेश काबरा ने प्रदान की एवं मंत्री प्रदीप कुमार जाखेटिया ने आभार माना.

# बंगाली गीतों ने बांधा समां

- सुरोजीत चटर्जी ने दी धमाकेदार संगीत प्रस्तुति

**इंदौर. कल की शाम कोलकाता से आये कलाकारों के नाम रही. संगीत कलाकार सुरों जीत चटर्जी ( भूमि बैंड ) के साथ आये कलाकारों ने बंगाली गीतों की दमदार प्रस्तुति दी.**

बंगाली क्लब ने यह आयोजन बंगाली नववर्ष पौइला वैशाख के मौके पर नव लखा कालीबाड़ी रोड स्थित बंगाली क्लब में किया. संस्था अध्यक्ष जयंत नाथ चौधुरी और सचिव रवि नंदी ने बताया कि श्रोताओं की फरमाइश पर सुरोंजीत चटर्जी के संगीत दल ने बांग्ला संगीत की लोक प्रिय धुने सुनाई. कलाकारों का स्वागत संस्था उपाध्यक्ष रवि शंकर रॉय चौधरी, सह सचिव आसित गांगुली, अशोक मुखर्जी, असित गांगुली और कोषाध्यक्ष अशोक मुखर्जी ने किया. कार्यक्रम में बंगाली समाज के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे.



एक नजर में | समाज सेवा प्रकोष्ठ के शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण

# बच्चों ने जाना इंदौर का रोचक इतिहास, सीखी चित्रकला

**इंदौर. समाज सेवा प्रकोष्ठ इन्दौर द्वारा मानवता नगर स्थित शैक्षणिक संस्था के परिसर में आयोजित 138 वें नि:शुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों ने इंदौर शहर की विकास यात्रा की रोचक जानकारियां प्राप्त कीं. इतिहासकार जफर अंसारी ने बच्चों को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर एवं अन्य विभूतियों के जीवन और कार्यों के रोचक प्रसंग सुनाए.**

मुख्य अतिथि डॉ. पूनम माथुर ने बच्चों को स्वास्थ्य जागरूकता, खानपान और शारीरिक स्वच्छता पर मार्गदर्शन प्रदान किया. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है. अत: बच्चे स्ट्रीट फूड, बासी खाने आदि से बचें, घर का ताजा खाना खाएं, पर्याप्त पानी पियें और खेलों में भाग लें. प्रारम्भ में डॉ. सुमन कोचर ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया. आपने प्रार्थना, योग और सदाचरण विषय पर बच्चों को यौगिक क्रियाएं, मंत्र नाद तथा ध्यान का अभ्यास कराते हुए भारतीय संस्कृति की विशेषताओं, दैनिक जीवन में श्री मां की शिक्षाओं को बाल्यकाल से ही अपनाने की महत्ता बताई. युवा प्रशिक्षक ताशु रावल ने श्रीकृष्ण-अर्जुन कथा और सोहम कोरिया ने मां की शिक्षाप्रद लघु कथा नमस्कार सुनाई. मनोज कियावत तथा शिखा कोरिया ने बच्चों को गीतों की प्रतियाँ भी वितरित कीं.



### चित्रकला प्रतियोगिता

चित्रकार श्री हसरत एवं स्वाति द्रविड़ ने चित्रकला का प्रशिक्षण दिया. बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई. श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिए गए. डॉ. पूनम माथुर, समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे, जीनियस कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्या प्रेमलता खापोले एवं डॉ. घनश्याम ठाकुर ने बच्चों को पुरुस्कार प्रदान किये. शफ़ी शेख, माया ढोने एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने स्वागत किया. संचालन हितेंद्र रघुवंशी एवं प्रणिता दीक्षित ने किया. आभार अशोक सिसोदिया ने माना.